हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 22 नवंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

02

शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीक को अपनाने का निरंतर प्रयास करना चाहिए : डॉ. शर्मा



हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यू ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### बालक को जमीन पर पटकर मौत के घाट उतारा, दंपती को उम्रकैद

**दुर्ग।** कुम्हारी थाना अंतर्गत सौतेले बेटे को जमीन पर पटकर मौत कारित किए जाने के मामले में कोर्ट ने आरोपी पति-पत्नी को उम्र कैद की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण में आरोपियों द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। बावजूद प्रकरण में आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया। प्रकरण के मुताबिक घटना 31 जनवरी 2024 से 1 फरवरी की शाम के बीच की है। दौलतपुरा मोंगा पंजाब निवासी मनप्रीत सिंह (26 वर्ष) ग्राम कचना मड़ेली धमतरी निवासी गायत्री साहू (28 वर्ष) को पत्नी बनाकर रखा था। गायत्री का एक 4 साल का बेचे जगदीप सिंह था। आरोपी मनप्रीत सिंह उससे अक्सर मारपीट किया करता था। घटना दिनांक को भी मारपीट कर जमीन पर पटक दिया, जिससे बालक की मौत हो गई। कुम्हारी पुलिस ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया। जहां दोनों आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपियों को 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## सिविल अस्पताल सुपेला में कई महीने से बंद है सोनोग्राफी

# जिला अस्पताल में केवल दो घंटे हो रही सोनोग्राफी, एमएलसी प्रकरणों की रिपोर्टिंग नहीं, मरीज निजी सेंटर जाने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में रेडियोलॉजिस्ट का ऐसा टोटा खड़ा हो गया है कि सबसे बड़े जिला अस्पताल में केवल दो घंटे की सोनोग्राफी हो रही है। इसमें भी एमएलसी प्रकरणों की रिपोर्टिंग बंद है।

लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में कई महीने से सोनोग्राफी बंद है। दो बड़े अस्पतालों में सोनोग्राफी नहीं होने से मरीज प्राइवेट हॉस्पिटल में सोनोग्राफी करवाने मजबूर हैं। महिलाओं के लिए खास तौर पर चल रही जननी सुरक्षा योजना में सोनोग्राफी की अनिवार्यता जरूर है लेकिन इसका लाभ ही नहीं मिल रहा है। मेडिकल अफसरों को मरीजों के इलाज में दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

हरिभूमि सरोकार



### रिटायर होने के बाद इस शर्त पर लौटे हैं रेडियोलॉजिस्ट

जिला अस्पताल में दो महीने पहले रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बीपी देवांगन रिटायर हो गए। जिला अस्पताल प्रबंधन डॉ. देवांगन की संविदा नियुक्ति की है। डॉ. देवांगन ने अपनी नियुक्ति की शर्त में यह साफ किया था कि वे केवल सोनोग्राफी करेंगे, रिपोर्टिंग नहीं। इसलिए अब केवल दो घंटे की सोनोग्राफी मरीजों की करते हैं। रोजाना 15 सोनोग्राफी हो रही है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा डीएमएफ से रेडियोलॉजिस्ट की संविदा नियुक्त के लिए पैसे भी मिल चुके हैं लेकिन रेडियोलॉजिस्ट ही नहीं मिल रहे हैं।

### खर्च ज्यादा इसलिए निजी अस्पताल से अनुबंध खत्म

जिला अस्पताल में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से प्रबंधन ने एक निजी सोनोग्राफी सेंटर से अनुबंध किया था। सरकारी अस्पतालों के एक मरीज की सोनोग्राफी के एवज में 2 हजार का भुगतान किया जा रहा था। डॉ. देवागंन की नियुक्ति के बाद प्रबंधन ने इस अनुबंध को समाप्त कर दिया है। महीने में प्राइवेट सेंटर को 2 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान करना पड़ता था।

**सोनोग्राफी की वजह से ये कार्य हो रहे प्रभावित**

### 15-20 दिनों के बाद मिल रही है सोनोग्राफी की डेट

जिला अस्पताल में ज्यादातर सोनोग्राफी जिले के शहरी स्वास्थ्य केंद्र , सामुदायकि स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर मरीज होते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं होती हैं। शहरी क्षेत्र में श्रमिक बस्तियों की महिलाएं होती है। इनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ये सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने आती है। महिलाओं ने बताया कि जिला अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए 15 से 20 दिनों के बाद डेट दी जा रही है।

**केस 1**

### जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत जांच प्रभावित

सरकार जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम के तहत सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सोनोग्राफी (अल्ट्रासोनोग्राफी) सहित सभी आवश्यक जाँचें और उपचार निःशुल्क उपलब्ध करवानी है। इसका उद्देश्य मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करना है, इसलिए पात्र महिलाओं को प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल के दौरान सभी निःशुल्क चिकित्सा सेवाएँ, जिनमें सोनोग्राफी भी शामिल है। हाल यह है कि इनकी सोनोग्राफी ही नहीं हो पा रही है।

**केस 2**

### एमएलसी प्रकरणों की रिपोर्टिंग भी नहीं

दुघर्टना या मारपीट होने पर पुलिस केस होते हैं। इन मामलों में किसी की हड्डी टूट जाती है या अन्य अंदरूनी घातक चोंटे आ आती है। सोनोग्राफी करवाकर इसकी एमएलसी रिपोर्ट रेडियोलॉजिस्ट तैयार करता है। इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट आरोपी के मामले में सुनवाई करती है। लेकिन जिला अस्पताल में एमएलसी प्रकरणों की रिपोर्टिंग ही नहीं हो रही है। मेडिकल अफसरों पर यह जिम्मेदारी सौंप दी गई है। पुलिस विभाग को चालान पेश करने में दिक्कतें आ रही है।

### “ रेडियोलॉजिस्ट की तलाश

डीएमएफ से रेडियोलॉजिस्ट की संविदा नियुक्ति करने के लिए हमने कई बार कोशिश की है लेकिन कोई सामने नहीं आया। रिटायर रेडियोलॉजिस्ट डॉ. देवांगन की पुर्ननियुक्ति संविदा के रूप में की है। दो घंटे सोनोग्राफी करने और एमएलसी की रिपोर्टिंग नहीं करने की शर्त के साथ वे यहां सेवाएं दे रहे हैं। एमएलसी की रिपोर्टिंग मेडिकल अफसरों को करने का अधिकार है, वे कर रहे हैं। राज्य से रेडियोलॉजिस्ट की मांग किए हैं।

**डॉ. एके मिंज** ,सिविज सर्जन जिला अस्पताल व सुपेला

**केस 3**

### निजी अस्पताल में 2 हजार रुपए दे रहे मरीज

सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी इंतजाम ठप हो जाने के कारण मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए 200 रुपए खर्च करने पड़ते हैं वहीं निजी में 1500 से 2000 रुपए देने पड़ रहे हैं। मरीज शांति बाई, सरस्वती निषाद ने बताया कि असहनीय पेट दर्द हो रहा है। डॉक्टर को दिखाई तो उन्होने सोनोग्राफी लिखा। यहां 25 दिन बाद बुला रहे इसलिए प्राइवेट में भेज दिए हैं। हेमिन बाई वर्मा, कौशल्या साहू, रामबती यादव, जागेश्वरी दुबे आदि ने बताया कि सोनोग्राफी सुपेला अस्पताल में बंद है। जिला अस्पताल में भी डेट दे रहे हैं। इसलिए प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर जा रहे हैं।


हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास

सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-**महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)**
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
**समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)**
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### देशमुख बनाए गए दुर्ग ग्रामीण विस प्रभारी



**अंडा।** चुनाव आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा वार प्रतिनिधि नियुक्त किए है। जिसमें दुर्ग लोकसभा पूर्व सांसद व प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रतिनिधि एवं पूर्व में दुर्ग जनपद के अध्यक्ष रहे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा देवेंद्र देशमुख को बनाया गया है।

### आर्थिक सहायता दी पार्षद खुबीराज ने



**पाटन।** वार्ड पार्षद खुबीराज सोनकर हमर वार्ड हमर परिवार योजना बनाकर अपने वार्ड वासियों को आर्थिक सामाजिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में आज नगरपालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्रांतर्गत खुड़मुडा.वार्ड क्रमांक 07 में एक निर्धन परिवार में गुप्ता लहरी का स्वास्थ्य खराब के चलते आकस्मिक निधन हो गया था जिसके आज दशगात्र एवं अन्त्येष्टि संस्कार कार्यक्रम हेतु गरीब परिवार को पार्षद खुबीराज सोनकर ने 5000/- सहयोग राशि दी गई एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

## निधन

### लक्ष्मी तिवारी



**भिलाई।** सेक्टर 4 भिलाई निवासी लक्ष्मी तिवारी 79 वर्ष पति स्व. आरएस तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास सड़क 39 ब्लॉक -4/सी सेक्टर 4 से रामनगर मुक्तिधाम के लिये निकलेगी। वे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी की मां थीं।

## शिकायत के बाद भी न जांच न कार्रवाई, हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा

# अनाज चाहिए या पैसा...इसके बाद पीडीएस का चावल पहुंच रहा किराना दुकानों में, पाटन में धड़ल्ले से चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पीडीएस चावल की कालाबाजारी आम हो गई है। पहले राइस मिलर्स से सांठगांठ कर राशन दुकानों से सरकारी चावल पहले राइस मिलों तक पहुंच रहा था। अब किराना दुकानों में भी पहुंचने लगा है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है। पाटन की अधिकांश राशन दुकानों में कुछ ऐसा ही खेल चल रहा है। खास बात यह है कि शिकायत के बाद भी ऐसे मामलों में कहीं कोई कार्रवाई नहीं हो रही। अवैध कारोबार करने वाले बेखौफ हैं। वहीं खाद्य विभाग को इस पूरे मामले में लिखित शिकायत का इंतजार है। वहीं राशन दुकानों में हितग्राहियों से पूछा जाता है कि चावल चाहिए या पैसा, पैसा मांगने पर 24 रुपए किलो के हिसाब से पैसा दे दिया जाता है। वहीं तौल में रिकार्ड दर्ज हो जाता है और कालाबाजारी हो जाती है। खाद्य विभाग इसे रोकने में पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। राशन दुकानों से गरीबों का राशन नसीब नहीं हो रहा है। इसके चलते यहां राशन दुकानों में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। पाटन के कई किराना दुकानों में पीडीएस का चावल आसानी से मिल जाता है।

हरिभूमि पड़ताल

### पूरे पाटन क्षेत्र में संचालित होता है 114 दुकान

#### कालाबाजारी के इस काम में दलाल सक्रिय

नगर पंचायत पाटन के विभिन्न वार्डों में पीडीएस चावल को मेटाडोर से लोडिंग कर मंजिल तक पहुंचाया जा रहा है। चावल लोड होने के बाद दलाल अपने वाहनों से किराना दुकान तक आसानी से पहुंचाया जा रहा है। पीडीएस चावल मुनाफाखोरों के हाथ लगने से बीपीएल परिवारों तक चावल नहीं मिल रहा है। पीडीएस चावल के कारोबार में पाटन के कई रसूखदार इसमें शामिल हैं। रसूखदार अपनी सेटिंग के कारण अवैध कारोबार को बंद ना हो इस कारण विभाग को भी पूरी तरह से कंट्रोल कर रखा है। पीडीएस चावल के अवैध कारोबार को लेकर खाद्य विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई की जाती है। यहां लंबे समय से यह कारोबार जारी है।



फाइल से

#### गाड़ाडीह में खपाया जा रहा सरकारी चावल

जानकारी के मुताबिक पाटन क्षेत्र में कुल 114 राशन दुकान हैं। इनमें से कई दुकानों का पीडीएस चावल गाडाडीह में खप रहा है। यहां तक पहुंचाने वाला पीके का बड़ा कारनामा रोज सुनने देखने मिलता है। बीपीएल चावल का काराबोर यहां कई सालों से चल रहा है। खाद्य विभाग इसे लेकर मौन स्वीकृति है। तभी पाटन क्षेत्र के राशन दुकानों में पीडीएस चॉवल का कारोबार चरम पर है। यहां एक-एक राशन दुकान में हजारों के संख्या में कार्ड है। यह सारा काम पूरी तरह सेटिंग से चलता है। इसकी जानकारी खाद्य विभाग के हर अफसर को है लेकिन सेटिंग के चलते कोई राशन दुकानदारो या फिर दलालों पर शिकंजा कसने में आगे नहीं आते है।

#### चावल तस्कर को मिला दो राशन दुकान

भिलाई तीन के राशन दुकानों में पीडीएस चावल का अवैध कारोबार बेखौफ चल रहा है। यहां के चावल तस्कर को विभाग के सेटिंग के कारण दो राशन दुकान उसके गुर्गे के नाम पर चल रहा है। शिव शर्मा को स्मृति नगर चौकी, उतई, भिलाई तीन और कुम्हारी पुलिस कई बार चॉवल समेत पकड़ चुकी है। बावजूद इसकी खाद्य विभाग की तगड़ी सेटिंग से भिलाई तीन में कारोबार फैला रखा है। इस पर खाद्य विभाग का नकेल नहीं है। बल्कि मानों उसे संरक्षण देकर राशन दुकानों से पीडीएस चावल की काला बाजारी की छूट दिया है।

#### शिकायत पर होगी कार्रवाई

खाद्य विभाग इस तरह के शिकायतों को लेकर सजग है। समय-समय पर अभियान चलाया जाता रहा है। कार्रवाई भी की जाती है।राशन दुकान संचालक अगर नियम के विरुद्ध काम करने पर कार्रवाई होगी।

**अनुराग भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक दुर्ग

## शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीक को अपनाने का निरंतर प्रयास करना चाहिए : डॉ. शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई में राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पी.पी.टी. प्रस्तुति हेतु स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। अलग-अलग विषयों पर पी.पी.टी. बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन किया गया एवं उनके बीच प्रतियोगिता भी रखी गयी।

- शासकीय महाविद्यालय उतई में पीपीटी प्रस्तुति के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

महाविद्यालय की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गुंजेश्वरी को, द्वितीय पुरस्कार नीतू चोपड़ा एवं तृतीय पुरस्कार कशिश को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शुभा शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि "बदलते हुए समय के अनुरूप हमें सीखने के लिए नये से नये तकनीक को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में जो भी नवाचार हो रहे हैं, उसके प्रति हमें सजग रहकर खुले मन से अपनाने की कोशिश करनी चाहिए।

# क्षतिग्रस्त पाइप लाइन संधारण पूरा आज मिलेगा दस वार्डों में पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का संधारण कार्य शुक्रवार की देर शाम तक पूरा कर लिया। रात को श्यामनगर पानी टंकी को भरा जाएगा। नेहरूनगर से पानी टंकी भरने का काम चलेगा। 22 नवंबर की सुबह निर्धारित समय पर नल खुलेगा। 600 एमएम डाया डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की वजह से इस निगम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 से लेकर 31 तक पेयजल की सप्लाई बंद थी। तीन दिनों तक लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ा है। अब यह समस्या नहीं रहेगी।

- रिसाली निगम क्षेत्र के वार्ड 22 से 31 तक के लोगों को तीन दिन बाद मिलेगी राहत




#### इन वार्डों में आज से मिलेगा पेयजल

पाइप लाइन संधारण के बाद इन वार्डों के लोगों को पेयजल मिलना शुरू हो जाएगा। रिसाली निगम के वार्ड क्रमांक 22 मैत्रीकुंज रिसाली, वार्ड क्रमांक 23 प्रगति नगर रिसाली, वार्ड क्रमांक 24 आजाद मार्केट रिसाली, वार्ड क्रमांक 25 आशीष नगर पश्चिम रिसाली,वार्ड क्रमांक 26 अवधपुरी रिसाली,वार्ड क्रमांक27 मैत्रीनगर रिसाली, वार्ड क्रमांक 28 शक्ति बिहार, वार्ड क्रमांक 29 लक्ष्मीनगर रिसाली वार्ड क्रमांक 30 इस्पात नगर, वार्ड क्रमांक 31 शहीद किरण देशमुख रिसाली बस्ती के लोगों को पेयजल मिल सकेगा।

#### आज होगी पेयजल आपूर्ति

मशक्कत के बाद देर शाम तक क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का संधारण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शनिवार की सुबह निर्धारित समय पर सभी प्रभावित वार्डों में पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

**गोपाल सिन्हा,** प्रभारी जल गृह विभाग

# अंकुश और विद्यार्थी के चित्रों की प्रदर्शनी को देखा स्कूली बच्चों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

विकास खंड पाटन अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल परसदा में प्राचार्य पुरुषोत्तम सिंह व्यास तथा राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षक परसराम साहू के संयोजन में छत्तीसगढ़ के दो प्रख्यात कलाकारों की एकदिवसीय प्रदर्शनी और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार 15 नवंबर को आयोजित कला प्रदर्शनी में मॉडर्न आर्ट के प्रख्यात कलाकार डी.एस. विद्यार्थी की पेंटिंग तथा दुनिया के सबसे छोटी मूर्ति बनाने वाले सुप्रसिद्ध कलाकार अंकुश देवांगन की सूक्ष्म कलाएं प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम संयोजक शिक्षक परसराम साहू ने बताया कि इन दोनों कलाकारों ने समकालीन भारतीय कला जगत में बड़ा नाम कमाया है और वे विगत 40 वर्षों से छत्तीसगढ़ के धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और गांव-गांव में अपने कला की प्रदर्शनी करते आ रहे हैं। इन दोनों कलाकारों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अनेकों पुरस्कार प्राप्त हैं। शाला परिवार के प्राचार्य पुरुषोत्तम सिंह व्यास और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होमेन्द्र कुमार साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पुणेन्द्र पंत से समस्त छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों से निवेदन किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन का जरूर लाभ लें। न सिर्फ कलाकारी सीखें बल्कि उसके माध्यम से अपने जीवन में तनाव को कैसे काम किया जा सकता है यह भी सीखें। ये दोनों कलाकार हाई स्कूल परसदा में न सिर्फ अपने कला की प्रदर्शनी लगाये बल्कि बच्चों को चित्रकला के गूढ़ रहस्यों से भी परिचित कराए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में उन्हें शाला परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



### तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह कल

**अंडा।** तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण शपथ ग्रहण समारोह 23 नवंबर को कार्यालय तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण कोनारी में होगा। जिसमें तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण एवं अधिनस्थ परिक्षेत्रीय साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी/मनोनित पदाधिकारी शपथ लेंगे। आयोजन दोपहर 12:00 बजे से रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू , पूर्व गृह मंत्री पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ होंगे।

अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग जिला-दुर्ग करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि जागेश्वर साहू , पूर्व मंत्री म.प्र. शासन पूर्व अध्यक्ष साहू संघ, रमशीला साहू , पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, दीपकताराचंद साहू , पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन, राजेन्द्र साहू , पूर्वअध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या दुर्ग, विशेष अतिथि श्रद्धा साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, प्रिया साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, सहित समस्त पदाधिकारीगण तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण उपस्थित रहेगें। यह जानकारी तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के मिडिया प्रभारी राजेंद्र साहू, संजय साहू ने दी।

## बिजनेस साइट

### ऋण संवितरण बढ़ाने सिडबी के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



**भिलाई।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा और प्रमुख वित्तीय संस्थान भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने आज विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरुप एमएसएमई और स्टार्टअप को प्रोत्साहन, फायनांस और उनके विकास को गति प्रदान करने हेतु साथ मिलकर पूरे भारत में एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए ऋण प्रवाह को बढ़ाने, कार्यशील पूंजी की उपलब्धता में वृद्धि करने और वित्तीय सहायता को सुदृढ़ बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम. नागराजू इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समारोह में मनोज अयप्पन, संयुक्त सचिव, डीएफएस, मनोज मित्तल, सीएमडी सिडबी, ललित त्यागी और लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा और अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के शीर्ष कार्यपालकों ने प्रतिभागिता की।

समझौता ज्ञापन के तहत इस साझेदारी में मुख्य रूप से शामिल हैं जिसमें **एमएसएमई के लिए संयुक्त फायनांस:** सिडबी के एमएसएमई फोकस और बैंक ऑफ बड़ौदा के विस्तृत शाखा नेटवर्क का लाभ उठाते हुए ऋण सहायता उपलब्ध कराना।

**कार्यशील पूंजी की उपलब्धता:** बाधा रहित, तकनीक सक्षम कार्यशील पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सिडबी द्वारा स्वीकृत उधारकर्ताओं के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यशील पूंजी प्लेटफॉर्म का परिचालन।

**स्टार्टअप फायनांस:** समन्वित प्रयासों के माध्यम से स्टार्टअप्स के लिए संरचनात्मक सहयोग सिडबी का वेंचर डेट प्रोग्राम और बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टार्टअप बैंकिंग समाधान, जिसमें वित्तीय उत्पाद, एडवाइज़री और कस्टमाइज्ड उत्पाद शामिल हैं।

**निर्यात संवर्धन:** एमएसएमई और उच्च वृद्धि वाले स्टार्टअप को बैंक ऑफ बड़ौदा के वैश्विक नेटवर्क का लाभ उठाने में सक्षम बनाना, निर्यात से संबंधित बैंकिंग सहायता, बाजार पहुंच संबंधी इनसाइट्स उपलब्ध कराना और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग सोल्यूशंस प्रदान करना।

**क्लस्टर और नवाचार समर्थन:** देश भर में एमएसएमई समूहों, इनक्यूबेटर, एक्सेलेरेटर और स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए संयुक्त कार्यक्रम तैयार करना। एम. नागराजू, सचिव आईएएस, डीएफएस ने कहा, यह साझेदारी एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए एक सुदृढ़ क्रेडिट इकोसिस्टम बनाने के लिए एक समर्पित एमएसएमई विकास संस्थान और एक बड़े वाणिज्यिक बैंक की ताकत को एक मंच पर लेकर आएगी। बैंक ऑफ बड़ौदा की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच के साथ सिडबी के अभिनव फायनांस मॉडल को जोड़ते हुए, यह समझौता ज्ञापन पारंपरिक और नए ज़माने के दोनों प्रकार के उद्यमों को समय पर कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने, परिचालन में वृद्धि करने और वैश्विक वैल्यू चेन्स से इंटीग्रेशन करने में मदद करेगा।

# अमलेश्वर में होने जा रहा विराट हिन्दू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अमलेश्वर नगर में सर्व हिन्दू समाज द्वारा 21 दिसम्बर रविवार को "विराट हिन्दू सम्मेलन" का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम थाना अमलेश्वर के सामने स्थित स्कूल प्रांगण में संपन्न होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु, संत–महात्मा, धर्माचार्यगण, सामाजिक संगठन, युवा मंडल, मातृशक्ति एवं प्रबुद्ध नागरिक एकत्र होकर सनातन धर्म के गौरवपूर्ण संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। यह विराट सम्मेलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में जागृति, एकता और समरसता का महापर्व होगा। कार्यक्रम में सनातन धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, सामाजिक सद्भाव, गौ–संरक्षण, नारी–शक्ति, युवाशक्ति और जनजागरण जैसे विषयों पर संत-महात्माओं एवं विद्वान वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में 16 नवम्बर को अमलेश्वर स्थित एक भव्य सभा में सर्व हिन्दू समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सम्मेलन की रूपरेखा एवं कार्यक्रम संचालन की विस्तृत योजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री रमेश तिवारी, श्री प्रकाश कश्यप एवं श्री वैभव शास्त्री विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया। समिति में संयोजक सत्येन्द्र सिंह सह संयोजकगण धर्मेंद्र सोनकर, विजय बहादुर सिंह, नीलू गौतम, मीनाक्षी शर्मा, सुनील शर्मा कार्यकारिणी सदस्यगणः दयानंद सोनकर, लोकमणि चंद्राकर, कैलाश यादव, रामाधार साहू, फेरहराम धीवर, सुखदेव साहू, शिवा साहू, यशपाल साहू, कैलाश सोनी, जितेन्द्र सिंह, चोवरम वर्मा, अडोराम साहू आदि शामिल किए गए।

### श्रम कल्याण अधिकारी टूकेन्द्र को मिला पीएचडी



**भिलाई।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में द्वितीय दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका पहुंचे थे। उनके हाथो टूकेन्द्र कुमार को पीएचडी की उपाधी से नवाजा गया। शोध कार्य टूकेन्द्र ने प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना अग्रवाल के निर्देशन व सुपरविजन मे नियम समय पर पूर्ण किया है। शोध कार्य के दौरान कई अंतर्राष्ट्रीय जनरल में शोध पत्रों का प्रकाशन किया गया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्रों की प्रस्तुति भी की गई। इनकी उपलब्धी श्रेय सीवीआरयू के पूर्व कुलपति डॉक्टर आरपी दुबे, पूर्व कुलसचिव गौरव शुक्ला, कुलपति प्रदीप कुमार घोष, निकेत शुक्ला, अंशुल श्रीवास्तव, माता-पिता, गुरूजन, प्रबंधन विभाग समेत परिवार के सदस्य को दिया है। टूकेंद्र गुरु घासीदास सेंट्रल विवि बिलासपुर से बी टेक इंजीनियरिंग के पढाई पूरी की है। वर्तमान में टूकेन्द्र श्रम कल्याण अधिकारी पद पर श्रम विभाग दुर्ग में पदस्थ है।

### जनजातीय गौरव दिवस पर उदय महाविद्यालय में बिरसा मुंडा की जयंती



**भिलाई।** महाविद्यालय जामुल में 19 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापक भानुप्रिया द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापक रंजीता, केसरी, भारती, पद्मिनी, महिमा, कुशाल, प्रहलाद शुषमा, लाइबा, रोजी, एवं बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक वर्षा रानी, विनिता, ताराचंद, चंचल, भानुप्रिया ने बिरसा मुंडा के योगदान बिरसा मुंडा के शौर्यगीत, आदिवासी गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत करके कार्यक्रम का शमा बांध दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी बीएड के छात्राध्यापकों को बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। बिरसा मुंडा ने जिस तरह अपने समाज के लोगो में जागरुकता उनके खिलाफ लड़ने की वीरता दिखाई। उसी तरह बीएड छात्राध्यापक प्रशिक्षण के दौरान अपने व्यक्तित्व और कौसलों का विकास करें एवं भविष्य में एक योग्य, कुशल शिक्षक की भूमिका निभाए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव, समस्त शिक्षक एवं बीएड छात्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक मंच संचालन बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापक अभिसार एवं यामिनी ने किया।

// न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.) //

उद्घोषणा

वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका, जुबेदा खातून पिता/पति मकबूल अहमद निवासी हुडको भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा जुबेदा खातून/ मकबूल अहमद की जन्म/मृत्यु दिनांक 05/07/1961 को हो जाने पर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30/11/25 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक, दंडाधिकारी
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## बिजनेस साइट

### मार्केट के उतार-चढ़ाव का सामना करने के लिए फ्लेक्सिबल रहें



**अविनाश कुमार**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** हम अक्सर तूफान से बड़े-बड़े पेड़ों के उखड़ने की खबरें पढ़ते हैं, लेकिन हम शायद ही कभी सुनते हैं कि मामूली घास भी उन तेज हवाओं का सामना कर रही हो। ऐसा क्यों है? घास, अपनी झुकने और हिलने की काबिलियत के कारण, तेज तूफान में भी बच जाती है, जबकि पेड़, जिनकी बनावट ज्यादा मजबूत होती है, गिर जाते हैं। फ्लेक्सिबिलिटी घास को जोर को सोखने और फैलाने में मदद करती है, जबकि पेड़ उसे रोक नहीं पाते। इसी तरह, स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करने में, जो पोर्टफोलियो फ्लेक्सिबल होते हैं - यानी बदलते मार्केट के हालात के हिसाब से ढलने में सक्षम - वे उतार-चढ़ाव का सामना करने के लिए उन सख्त पोर्टफोलियो की तुलना में बेहतर तरीके से तैयार होते हैं जो बदलते मार्केट की हकीकत के बावजूद एक जैसे बने रहते हैं।

आज के मार्केट की हकीकत इस तरह हैः भारत के मैक्रोज मजबूत बने हुए हैं, जिन्हें अच्छा डेमोग्राफिक डिविडेंड, कंट्रोल्ड महंगाई और फिस्कल डेफिसिट, हेल्दी कंजम्प्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ और इकोनॉमी के लगातार फॉर्मलाइजेशन और डिजिटलाइजेशन का सपोर्ट मिला है। ये सभी फैक्टर इक्विटी मार्केट के लिए लंबे समय का पॉजिटिव आउटलुक दिखाते हैं। हालांकि, ग्लोबल जियोपॉलिटिक्स, सेंट्रल बैंक के एक्शन और अमेरिकी टैरिफ अनाउंसमेंट सेंटीमेंट पर असर डाल रहे हैं, जबकि वैल्यूएशन अभी भी ज्यादा हैं, जो निकट से मीडियम टर्म में उतार-चढ़ाव की संभावना को दिखाता है।

ऐसे माहौल में, ज्यादा सही वैल्यू वाले, स्टेबल लार्ज कैप गिरावट को कम करने और पोर्टफोलियो को लिक्विडिटी देने में मदद कर सकते हैं, जबकि कुछ अच्छे वैल्यू वाले मिड और स्मॉल कैप लगातार इकोनॉमिक ग्रोथ से बढ़त हासिल करने के लिए बेहतर स्थिति में हो सकते हैं। फ्लेक्सीकैप फंड जो मार्केट कैपिटलाइजेशन स्पेक्ट्रम में मौकों में डायनामिक रूप से इन्वेस्ट करते हैं, इस तरह प्योर लार्ज कैप या प्योर मिड/स्मॉल कैप स्ट्रैटेजी की तुलना में मौजूदा मार्केट सिनेरियो में नेविगेट करने का एक स्मार्ट तरीका हो सकते हैं। दूसरी इक्विटी फंड कैटेगरी के उलट, फ्लेक्सीकैप फंड में मार्केट कैप एक्सपोजर पर कोई मिनिमम या मैक्सिमम लिमिट नहीं होती है, जो इन्वेस्टर्स को असली फ्लेक्सिबिलिटी देता है।

इस बैकग्राउंड में, इन्वेस्टर्स आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड में निवेश के बारे में सोच सकते हैं। मार्केट कैपिटलाइजेशन में नेविगेट करने में स्कीम के डायनामिक नेचर को देखते हुए, फंड में मार्केट साइकिल में अच्छा इन्वेस्टमेंट एक्सपीरियंस देने की क्षमता है। रिटर्न की बात करें तो, इस फंड ने तीन साल में 19.01 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 अक्टूबर, 2025 तक 17.32 प्रतिशत सीएजीआर दिया है।

जैसे घास भी फ्लेक्सिबल रहकर तूफान में टिकी रहती है, वैसे ही फ्लेक्सी कैप फंड के साथ, इन्वेस्टर भी बदलते हालात के साथ अपने पोर्टफोलियो को झुकने - टूटने नहीं - देकर मार्केट के उतार-चढ़ाव का सामना कर सकते हैं।

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा रौशनी सिंह, पिता स्व. सोहन सिंह उम्र -25 वर्ष निवासी -मकान नंबर 701/7 आकृति हाईट्स अपार्टमेंट राधिका नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मुझे उपलब्ध कराये दस्तावेजों एवं जानकारी के आधार पर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि :-

मेरी पक्षकारा के पिता स्व. सोहन सिंह पिता अनंत सिंह के द्वारा क्रयशुदा फ्लैट आकृति हाईट्स अपार्टमेंट, राधिका नगर भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) में जो खसरा नं. 2635/8 में स्थित प्रकोष्ट क्रमांक 701 सप्तम तल में स्थित फ्लैट क्रमांक 701 को क्रय किया गया था मेरी पक्षकारा के पिता के मृत्यु के पश्चात उक्त फ्लैट का नामांतरण सभी वारिसानों क्रमशः (1) श्रीमती सुनीता सिंह पिता स्व. सोहन सिंह (2) गीतांजली सिंह पिता स्व. सोहन सिंह (3) रितिका सिंह पिता स्व. सोहन सिंह (4) रौशनी सिंह पिता स्व. सोहन सिंह के नाम से नगर पालिका निगम भिलाई के रिकार्ड में किये जाने के पश्चात उपरोक्त उल्लेखित फ्लैट के अन्य सभी वारिसानों के द्वारा मेरी पक्षकारा के पक्ष में अपने उपरोक्त फ्लैट के हक का त्याग करते हुए पंजीकृत हक त्याग विलेख दिनांक 26-06-2025 को निष्पादित किया जा चुका है जिसके पश्चात उपरोक्त उल्लेखित फ्लैट की मेरी पक्षकारा एक मात्र स्वामिनी है तथा फ्लैट के संबंध में सम्पूर्ण अधिकार मेरी पक्षकारा रौशनी सिंह के पास है वह इस फ्लैट के संबंध में विधिवत विक्रय करने या बैंक से विधिवत ऋण लेने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र है उक्त संबंध में इस आम सुचना के माध्यम से आम जनता तथा शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय तथा सागरत बैंकों को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के वर्तमान एक मात्र स्वामित्व अधिकार कब्जे के उपरोक्त उल्लेखित फ्लैट के किसी भी प्रकार से सौदा किये जाने अथवा ऋण लेने की प्रक्रिया अथवा अन्य संव्यवहार किये जाने पर मेरी पक्षकाय के प्रति किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था या निकाय को कोई भी आपत्ति हो तो वह लिखित आपत्ति संबंधित दस्तावेजो के साथ आज दिनांक से 7 दिनों के भीतर मेरे उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तुत करे उक्त अवधि के समाप्ति पश्चात कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होवेगी।

मेरी पक्षकारा के नाम वर्तमान में दर्ज उक्त फ्लैट के मूल रजिस्ट्री कागजात जो प्रारंभ में मेरी पक्षकार के पिता स्व. सोहन सिंह के नाम पर दर्ज दिनांक 18-06-2019 जिसका ई आई डी पंजीयन नंबर CG512 4918062019056 है उक्त मूल रजिस्ट्री दस्तावेज स्थान गोल बाजार वैशाली भिलाई के पास से कंही गुम हो गए है जिसकी शिकायत थाना वैशाली नगर में की गई है अतः उक्त दस्तावेज किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होने पर उक्त दस्तावेज का किसी भी प्रकार से कोई भी दुरुपयोग न करें तथा मेरे निम्नांकित पते पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सो सुचना जाने।

भिलाई
दिनांक - 21/11/25

सुदेश पेटे (अधिवक्ता)
57/12 राधिका नगर सुपेला भिलाई
जिला दुर्ग (छ.ग.) मोबाईल-98279-06567



## लाइव इवेंट

### खेलो इंडिया महिला लीग टूर्नामेंट कल से, खिलाड़ियों का हुआ चयन



**भिलाई।** खेलो इंडिया महिला लीग टूर्नामेंट का आयोजन 23 नवंबर से भिलाई में होने जा रहा है। इसके लिए सभी खिलाड़ियों का चयन हो चुका है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन, विधायक ललित चंद्राकर, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू और महासचिव खिलावन सिंह चौहान शामिल होंगे। खेलो इंडिया महिला लीग भारत सरकार की एक प्रतिष्ठित पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर महिलाओं की खेल भागीदारी को प्रोत्साहित करना और इस क्षेत्र की युवा महिला एथलीटों के बीच स्वास्थ्य एवं फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस लीग की विशेष स्पर्धा जिले भर की होनहार प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धी खेल आयोजनों के लिए एक मंच पर लाएगी। यह टूर्नामेंट 23 नवंबर को हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, सुपेला में आयोजित है। समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता इन युवा महिलाओं के लिए एक आदर्श प्रेरणास्त्रोत है। यह आयोजन दुर्ग पचक स्लॉट एसोसिएशन के सचिव इरफान अहमद की टीम के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां रुकने खाने के सभी प्रबंध व्यवस्थित और सुचारू रूप से किए गए हैं लगभग 200 लोगों की व्यवस्था की गई है।

## सिटी इवेंट

### बुजुर्गों के संगठन ने वनांचल के बच्चों को बांटा स्कूल बैग, बिताया समय



**दुर्ग।** ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर से जुड़े बुजुर्गों ने वनांचल के स्कूल में पहुंचकर बच्चों के साथ समय बिताया। उनकी पढ़ाई व्यवस्था की जानकारी ली। बुजुर्ग घोटिया के प्राइमरी स्कूल पहुंचे। छात्रों के चेहरे पर उस समय मुस्कान आ गई जब जेष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के पदाधिकारियों ने इस सदूर वनांचल स्थित गांव पहुंचकर बच्चों को स्कूली बैग बांटा। संस्था के सदस्यों ने बताया कि समय-समय पर ग्रामीण स्कूल के बच्चों को स्कूली सामग्रियां बांटीं है। इसी तारतम्य में वनांचल ग्राम घोटिया की प्राथमिक शाला के बच्चों को स्कूली बैग और मिठाई वितरित की। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डॉ. देव मांडरिक ने अपने उद्बोधन में बच्चों को स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी।

■ ज्येष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों ने सहयोग के लिए बढ़ाया हाथ

उन्होंने कहा कि अपने आसपास की स्वच्छता रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित गांव के उपसरपंच भोज कुमार साहू ने बुजुर्गों की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के जीवन में हमेशा बुजुर्ग मार्ग दर्शक होते हैं। इस संस्था के वरिष्ठ नागरिकों का बच्चों के प्रति ये सेवा भाव अनुकरणीय है। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रभारी प्रधानपाठक रश्मि, दीपक कुमार के अलावा अन्य शिक्षक उपस्थित थे। ज्येष्ठ नागरिक संघ के एलके जैन, आरके सिंग, एसएम पाटिल, अजय जाधव, सीएस पांडे, राम पांडेय, राजेश बिसेन, यादवेन्द्र ठाकुर, आनंद डोनगांवकर, सुधीर पाटणकर उपस्थित थे।

## लाइव इवेंट

### निः शुल्क चित्र, मूर्तिकला सिखाने वाले अंकुश देवांगन का सम्मान



**भिलाई।** दुर्दांत नक्सली हिड़मा की मौत पर बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 37 वर्षों से बच्चों को निशुल्क चित्र मूर्तिकला सिखाने वाले सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया।

जहां अंकुश देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृह मंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ से नक्सली समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। इस दौरान शिव शक्ति फाउंडेशन सेलूद के हिरेंद्र कुमार साहू, माता घमोती, ओमी साहू, जागृत तथा संस्था के पदाधिकारीगण मौजूद थे। नक्सल प्रभावित क्षेत्र दल्ली राजहरा में जन्म लिए अंकुश देवांगन ने अपने आस-पास के गांवों में नक्सली विचारधाराओं से प्रभावित होने वाले बच्चों को देखा है। और यह भी देखा कि जो बच्चे उनके साथ कला की कुछ नज्में सीख जाते हैं वह कभी नक्सलाइड नहीं बनते। इस छोटे से विचार ने उनके जीवन की दशा और दिशा दोनों बदल कर रख दी। अतः उन्होंने बचपने से ही बच्चों को चित्रकला और मूर्तिकला की शिक्षा देनी शुरू कर दी। इसे अपना जीवन लक्ष्य बना लिया। वे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपने दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों और चावल के छोटे-छोटे दानों पर पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाते हैं ताकि बच्चे और बड़े कला के प्रति आकर्षित हो सके। जिसका फायदा हुआ कि उनकी प्रदर्शनी देखने के लिए बीहड़ क्षेत्रों में त्यौहारों सा माहौल बन जाता है।

● वार्षिकोत्सव में छोटे बच्चों से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

# उमंग द होप...डायमंड एनीवर्सरी पर स्टूडेंट्स ने दी कलात्मक प्रस्तुति

# नाटक, भाषण और नृत्य के जरिए संस्कृति को सहेजने का दिया संदेश

**सेक्टर-6 स्थित एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्थापना के 60 वर्ष को डायमंड जयंती समारोह के रूप में मनाया गया। उमंग-द होप शीर्षक से यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के हुनरमंद स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा से दर्शक दीर्घा बैठे लोगों, पालकों, मुख्य अतिथि और प्राध्यापकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के 900 से ज्यादा छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से न केवल मंच की शोभा बढ़ाई बल्कि प्रत्येक दर्शकों के लिए रोमांच का माध्यम बना। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि हिस ग्रेस एलेक्सियोस मार अउसेबियस मेट्रोपोलिटन मैनेजर बिशप, कलकत्ता डायोसियस एवं संस्था के अध्यक्ष ने की। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जगदीश बर्मन, रीजनल ऑफिसर सीबीएसई रायपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. व्यू चान्ग लियू भूतपूर्व छात्र, एमजीएम स्कूल) मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।**

**भिलाई।** छात्रों द्वारा वाद्य यंत्रों की आकर्षक जुगलबंदी ने दर्शकों को आनंदित किया। इसके बाद छात्रों द्वारा आईएम अलाईव थीम पर स्वागत एवं प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अनिता राजन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कॉरस्पोंडेंट सुरेश जेकब ने विद्यालय की स्थापना के 60वें वर्ष के उपलक्ष्य पर वार्षिकोत्सव का हिस्सा बन अपने आप को गौरवान्वित महसूस करने की बात कही।

इन 60 सालों की गौरवशाली इतिहास पर अपना विचार प्रकट किया। उन्होंने हिस गेस्ट स्टेफानोस मार यूसेबियस के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया विद्यालय का निर्माण करना सिर्फ शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है। यह समाज और देश को मजबूत करने के साथ सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करता है। स्कूल के प्राचार्य टीएन्टो जेकब ने सम्माननीय अतिथियों का अभिवादन किया। विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। नए पाठ्यक्रम के अंतर्गत 2025-26 में योगा एवं आर्ट एंड क्राफ्ट विषय को विधिवत रूप से जोड़ने की बात कही। प्राचार्य द्वारा रचित एवं निर्देशित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति वार्षिक उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। जिसमें उन्होंने भूतपूर्व छात्रों के संस्मरण को रेखांकित करते हुए उनके भावानाओं एवं विचारों के समागम को प्रेषित किया। इस अवसर पर वेरी रेव्हगी वर्गीस कोर इपिस्कोपा, रेव्ह. फादर सुबिन डेनियल, कॉरस्पोंडेंट सुरेश जेकब, स्कूल एवं चर्च प्रबंधन समिति के सदस्यगण, प्राचार्य टी.एंटो जेकब, हेड मिस्ट्रेस एलिजाबेथ अनिता राजन, सोमी सजीव, अकादमिक इंचार्ज मीनू जेकब, एस. जीना सहित अन्य मौजूद थे।



### 60 साल पुराने इतिहास को किया गया रिकॉल

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 60 साल की शानदार विरासत के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न श्रेणियों के मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक और सहशैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विशेष तौर पर बारहवीं कक्षा से छात्रा स्वरा एवं दसवीं कक्षा से छत्तीगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त छात्रा सलोनी का नाम उल्लेखनीय है। स्कूल पत्रिका का विमोचन एवं स्कूल वेबसाईट का रिनोवेशन किया गया तथा जरूरतमंद छात्रों के लिए स्टेफ फंड दिया गया। जगदीश बर्मन ने शिक्षा के बेहतर माहौल, साझा संस्कृति एवं नई शिक्षा नीति पर विचार प्रकट किया उन्होंने विद्यालय के 60वें वर्ष के उपलक्ष्य पर चर्च एवं प्रबंधन समिति को शुभकामनाएं दी।

### पूर्व छात्रों ने पुराने स्मरणों को किया याद

विशेष अतिथि डॉ. व्यू चान्ग लियू ने अपने भाषण में विद्यालय की पूर्वकालिक एवं गौरवशाली प्रसंगों को स्मरण करते हुए आज की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि को सस्नेह स्मृति चिह्न भेंट किया गया। मेरी साजन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्रतिभावान स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। 12वीं के छात्रों ने इस आयोजन में विशेष योगदान दिया। उनके द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



# रामकथा से भक्तों को किया आनंदित, राम-जानकी के विवाह पर जमकर थिरके श्रद्धालु

**भिलाई।** संकटमोचन हनुमान मंदिर कैंप 1 में अयोध्या से पधारे संत शिरोमणि दामोदर दास के मुखारविंद से अमृतमयी दिव्य राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

पांचवें दिन भगवान राम और माता जानकी के विवाह की कथा सुनाई गई। बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में विवाह को प्रदर्शित किया गया। अच्युतानंद पाण्डेय, मदन अग्रवाल ने राम जन्मोत्सव, सीता-राम विवाह के क्षण को देखकर सभी श्रोतागण, श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा स्वयं को रोक नहीं पाए। श्रद्धालुओं स्वयं से आनंदित होकर नाचने लगे और सभी श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा भी की गई। आचार्य ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रभु राम ने मानव अवतार लेकर सारे संसार को बताया कि कर्म से ही हमारा अस्तित्व है। संघर्ष मानव जीवन का मूल है। प्रत्येक जीवात्मा को कर्म और संघर्ष से परिचित होना चाहिए। राम कथा का आयोजन 22 नवंबर तक किया जा रहा है। प्रतिदिन राम कथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होती है। कथा में विशेष रूप से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व पार्षद मनोज पाण्डेय, जवाहर गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, रमेश गुप्ता ने भी कथा का श्रवण किया।








### छात्रावास की बच्चियों को मिला ऊनी सुरक्षा कवच, सामाजिक संस्था दिशा की पहल

**भिलाई।** जिले में शीतलहर के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्था दिशा द्वारा संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास दुर्ग में निवासरत जरूरतमंद छात्राओं को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास की छात्राओं को सामाजिक संस्था द्वारा ठंड से राहत पहुंचाने ऊनी टोपी, दस्ताने, मोजे तथा फलों का वितरण किया। इस दौरान दौरान संस्था के सदस्य सुजीत चक्रवर्ती ने कहा कि सर्दी का सबसे अधिक प्रभाव छोटे बच्चों पर पड़ता है। ऐसे में उन्हें ऊनी कपड़ों की सुविधा प्रदान करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। राजेश धारकर ने बताया कि दिशा संस्था विगत कई वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य नियमित रूप से करती आ रही है। छात्रावास प्रबंधन की ओर से जिला मिशन समन्वयक विनोद सिन्हा, स्टाफ सीता अग्रवाल, धनेश्वरी साहू एवं ऋतु मेश्राम भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था की झरना रानी राय, भास्कर देवनाथ, सुजीत चक्रवर्ती, उत्तम डे, शैलेश कुमार दशोरे, प्रमोद खरालकर, दीपांकर मुखर्जी, नरसिम्हा राव, देबाशीष मजूमदार, केसी राव, राजेश धारकर, जवाहर आदि मौजूद थे।

## आईआईटी भिलाई और एफईएस ने इकोलॉजिकल कॉमन्स पर होस्ट किया विंटर स्कूल

कार्नर न्यूज

# आदिवासियों को रोजगार से जोड़ने, कला और संस्कृति को सहेजने आईआईटी भिलाई कर रहा नए प्रयोग, जल्द मिलेगी सफलता

**भिलाई।** आईआईटी में सेंटर फॉर स्टडीज़ ऑन कल्चर, लैंग्वेज, एंड ट्रेडिशन्स ने फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी एफईएस के साथ पार्टनरशिप में इंस्टीट्यूट कैंपस में कल्चरल नैरेटिव्स ऑन कॉमन्स नाम का एक रेजिडेंशियल विंटर स्कूल ऑर्गनाइज़ किया। सीसीएलटी छत्तीसगढ़ भारत के आदिवासी समुदायों के कल्चरल हेरिटेज, इकोलॉजिकल ज्ञान और स्वदेशी ज्ञान सिस्टम को सामने लाते हुए, सामाजिक रूप से असरदार, एक्शन-ओरिएंटेड रिसर्च को तेज़ करने के लिए काम कर रहा है। इकोलॉजिकल कॉमन्स हमारे पुरखों से मिली हमारी साझी विरासत है, जो मॉडर्नाइज़ेशन और अर्बनाइज़ेशन की वजह से खतरे में पड़ गई है। इस साल का विंटर स्कूल इस मकसद से डिज़ाइन किया गया था कि कॉमन्स के जीते-जागते अनुभव और सोशियो-कल्चरल सच्चाइयों के बीच मेल को समझा जा सके। साउथ एशियन कॉन्टेक्स्ट में इन्हें कैसे बताया गया है। कोर्स के लिए रिसोर्स पर्सन आईआईटी गांधीनगर से डॉ. अंबिका अय्यादुरई, आईआईटी बॉम्बे से डॉ. पंकज सेखसरिया और बंगाल के से लेखक परिमल भट्टाचार्य थे।




### नई तकनीकों पर किया जा रहा काम, पलायन रोकने भी प्लान

बता दें कि आदिवासी संस्कृति को लेकर आईआईटी भिलाई आदिवासी समाज की प्रगति के लिए एग्रीटेक, हेल्थटेक और फिनटेक जैसे तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रहा है। एम्स रायपुर के साथ मिलकर एप बनाना, जो घर बैठे स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, आईआईटी आईएसएम धनबाद आदिवासी बांस शिल्प और उत्पादों को बेहतर बनाने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में भी सहायता कर रहा है, ताकि आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और पलायन को रोका जा सके। इसे लेकर लगातार बैठकें और कार्यशाला आयोजित की जा रही है, ताकि आदिवासियों की कला, संस्कृति को सहेजा जा सके। उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके।

### आदिवासी कला-संस्कृति को सहेजने और आगे बढ़ने पर मंथन

कोर्स में देश भर से फैकल्टी, डॉक्टरेट स्कॉलर, ज़मीनी स्तर के प्रैक्टिशनर और डेवलपमेंट सेक्टर के प्रोफेशनल शामिल थे। कोर्स में कबीरधाम ज़िले के पंडरिया ब्लॉक के दमगढ़ गांव का एक फील्ड विज़िट भी शामिल था, जिसमें पार्टिसिपेंट्स ने बैगा कम्युनिटी के एक नेशनल अवॉर्ड-विनिंग टीचर धनीराम कदमिया से बातचीत की। कदमिया ने पार्टिसिपेंट्स को इकोलॉजिकल कॉमन्स और बैगा कम्युनिटी की कल्चरल आइडेंटिटी पर एक टॉक दी, और गांव के चारों ओर नेचर वॉक भी कराई। विंटर स्कूल ने नैरेटिविटी, ज़मीन, कॉमन्स और इकोलॉजी के आपस में जुड़े सवालों पर ध्यान देकर इकोलॉजिकल कॉमन्स के डोमेन में मिलकर पढ़ाने और रिसर्च के नए रास्ते बनाए।

## सिटी इवेंट

# आदिवासी क्रांतिकारी कंगला मांझी के गांव बघमार में 5 से मांझी महोत्सव



**भिलाई।** आदिवासी क्रांतिकारी हीरा सिंह देव कंगला मांझी के गांव बघमार बालोद में 5 से 7 दिसंबर तक तीन दिवसीय मांझी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 6 को विराट अगासदिया सम्मान छत्तीसगढ़ के विभिन्न महापुरुषों की स्मृति में प्रदान किया जाएगा। दोपहर तीन बजे सम्मान समारोह शुरू होगा। इस अवसर पर लोकदल लोकमया का प्रदर्शन भी होगा। 5 दिसंबर को लोकधारा कंडरका का प्रदर्शन होगा। विराट मांझी मेले में माझी सैनिकों की परेड का नेतृत्व मांझी के पुत्र कुंभदेव कांगे सैनिकों के कमांडर करेंगे। गुजरा गांव के सपूत जीआर चुरेंद्र पूर्व कमिश्नर सरगुजा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भिलाई पहुंचे। आमदीनगर के वरिष्ठ नागरिक डामन लाल साहू और जयंती भाई ने शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया। अगासदिया परिवार के महेश वर्मा, स्मिता वर्मा नीतीश कुमार राजेन्द्र साहू इस अवसर पर उपस्थित थे। जीआर चुरेंद्र ने कहा कि कंगला मांझी ने आदिवासी समाज को जगाकर हक मांगना सिखाया। वे क्रांतिकारी नेता, समाज सुधारक थे। मुझे गर्व है कि इस वर्ष उनकी स्मृति में दिया जाने वाला सम्मान मुझे दिया जा रहा है। राजमाता फुलवा देवी, डॉ. परदेशी राम वर्मा एवं मांझी महोत्सव के समस्त सहयोगियों के प्रति आभारी हूं। आदिवासी समाज के जागृत जननेता, विख्यात समाजसेवी, वरिष्ठ मंत्री गण सम्माननीय अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंगला मांझी की अर्धांगिनी राजमाता फुलवा देवी करेंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के तपस्वी सपूतों की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों के दस सितारे सम्मानित होंगे।

- हुडको भिलाई में आयोजित बैठक में तैयारियों की समीक्षा

## धर्म लाइव

# निधन के बाद नेत्रदान, उनकी आंखों से दो लोग देख सकेंगे दुनिया



**भिलाई।** नेहरू नगर निवासी इचरा जैन के निधन के बाद जैन परिवार ने इचरा जैन के नेत्रदान कर समाज को मिसाल पेश की।



उनकी आंखों से दो लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान की जा सकेगी। इचरा जैन के पुत्र पदम जैन, राहुल जैन, बहु समता जैन, पौत्र ऋषि, चैतन्य की सहमति से नेत्रदान किया गया। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, राजेश पारख,प्रभु दयाल उजाला, हाईटेक हॉस्पिटल में उपस्थित रहे। नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के डॉ. उत्कर्ष बंसल एवं नेत्र सहायक विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया। पदम जैन ने कहा कि मां के जाने से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, किन्तु माता जाते-जाते नेत्रदान के माध्यम से दो परिवारों को नई रौशनी व नया जीवन दे गईं। राजेश पारख ने कहा इचरा जैन के नेत्रदान से नेत्रदान प्रक्रिया को गति मिलेगी। समाज में नेत्रदान के प्रति जागरुकता और बढ़ेगी। सत्येंद्र राजपूत ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। लोगों की देहदान व नेत्रदान, त्वचादान हेतु सोच बदली है। अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, पीयूष मालवीय, दीपक बंसल, विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन सहित अन्य मौजूद थे।

- शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के डॉक्टरों ने कलेक्ट किया कार्निया

## समाज इवेंट

# पीएम श्री विद्यालय में स्थापना दिवस पर कराया न्योता भोजन



**भिलाई।** प्रजा सेवा समिति ने 18 वें स्थापना दिवस पर पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर खुर्सीपार में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति-निर्माण के अंतर्गत विद्यालय में न्योता भोजन कराया गया। बच्चों के लिए कॉपी, कंपास, पेन का वितरण समिति एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया। प्रजा सेवा समिति विगत दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनकन्या विवाह रक्तदान, बेघरों के लिए आवास निर्माण करके देने का कार्य लगातार करते हुए आ रही है। इस न्योता भोजन के आयोजन में प्रजा सेवा समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

## स्काउट और गाइड की टीम शैक्षणिक भ्रमण और प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना

# व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और संस्कृति को सीखने जंबूरी, पहले दिन फरहा, खुरमी, ठेकुआ की लगी प्रदर्शनी

भिलाई। स्काउट और गाइड की टीम जंबूरी में शामिल होने लखनऊ रवाना हुई। पहले दिन जंबूरी में व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और संस्कृति को सहेजने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें फरहा, खुरमी, ठेकुआ जैसे अन्य व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। इसके बाद शाम के कैम्प फायर हुआ। डॉ. अजय आर्य ने बताया कि 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में वसुधैव कुटुंबकम की भावना का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां बच्चे विविधता को समझेंगे। टीमवर्क को जानेंगे। भारत की सांस्कृतिक वैभव को अनुभव करेंगे। विद्यार्थियों के लिए एडवांस भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुरक्षा और प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सुबह 6 बजे से दिनचर्या प्रारंभ होगी। रात कैंप फायर के बाद 9:30 बजे विद्यार्थी अपने कक्षों में जाकर आराम करेंगे। पहले दिन कैंप फायर और गेम फायर की गतिविधियों में बच्चों ने छत्तीसगढ़ी धुनों पर जमकर नृत्य किया। उत्साह से पूरे परिसर को जीवंत कर दिया।






### पहले दिन उठाया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में रायपुर रीजन के छात्रों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं, व्यंजनों और कला का शानदार प्रदर्शन किया। फूड प्लाज़ा में साक्षी साहू और टीम द्वारा छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध व्यंजन फरा प्रस्तुत किया गया। इसे सभी ने बहुत पसंद किया। एग्जिबिशन में बस्तर की विविध लोककलाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसकी निर्णायकों ने विशेष प्रशंसा की। एथेनिक फैशन शो में विद्यार्थियों ने पारंपरिक आभूषण व परिधानों के साथ छत्तीसगढ़ी अस्मिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। गाइड्स की टीम का नेतृत्व डॉ. मोना अली कर रही हैं।

### जंबूरी से राष्ट्र, संस्कृति और सामंजस्य के गहरे मूल्य सीखे रहे बच्चे



केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग के उपायुक्त एवं केंद्रीय प्रबंध समिति के जैदी और सहायक आयुक्त ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जंबूरी युवाओं को राष्ट्र, संस्कृति और सामंजस्य के गहरे मूल्य सिखाती है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से भाग लेने वाले स्काउट्स रायपुर रीजन के अलग-अलग विद्यालयों से 8 स्काउट्स 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में भाग ले रहे हैं। इसमें सुजल वर्मा (डोंगरगढ़), ऋषभ वर्मा (बीएमवाई भिलाई), ऋषभ चतुर्वेदी (नया रायपुर), शिवम राय (कोरबा), मोनिश लैशर (बिलासपुर), संभव प्रताप उपाध्याय (बिलासपुर), आदर्श कुमार (दुर्ग) और कृष्णकांत (जांजगीर) शामिल हैं।

### जोहार छत्तीसगढ़ से गूंजी यूपी की फिजा

जंबूरी में साक्षी साहू, अनुष्का शर्मा, गरिमा वर्मा, रिया ठाकुर, आरुषि साह, ज्योति बांधे, मानवी सोनी और अनुग्रह बंजारे - फूड प्लाजा, कला प्रदर्शनी, एथेनिक शो और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। जंबूरी में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की गूंज हर ओर सुनाई दी और लखनऊ के मैदान में जय जोहार का स्वर गूंजा। ऋषभ चतुर्वेदी ने बंबू से पानी स्टोरेज करने की बोतल बनाई गई। डॉ अजय आर्य ने बंबू बॉटल से पानी पिया। रायपुर संभाग की उपायुक्त पी बीएस उषा, सहायक आयुक्त रविंद्र कुमार, विवेक चौहान एवं प्राचार्य अशोक चंद्राकर एवं उमाशंकर मिश्र आदि मौजूद थे।

## घनश्याम कॉलेज का आयोजन

# छात्राओं ने मथुरा, वृंदावन और आगरा पहुंचकर किया शैक्षणिक भ्रमण




**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मथुरा, वृंदावन, और आगरा का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विभिन्न संकाय के लगभग 126 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम चरण में छात्राओं ने मथुरा संग्रहालय और कृष्ण जन्मभूमि परिसर का अवलोकन किया, जहां उन्हें प्राचीन काल की मूर्ति कला और धार्मिक इतिहास की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद बरसाना, वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, निधिवन, गोकुल , रमण रेती और अन्य दिव्य स्थलों का दर्शन कर छात्राओं ने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का अनुभव किया। आगरा में छात्राओं ने विश्व प्रसिद्ध ताजमहल और आगरा किला का अवलोकन किया, जहां उन्होंने स्थापत्य कला से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन किया। पूरे भ्रमण के दौरान छात्राओं ने ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त की और अनुशासन, समय प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

संपूर्ण यात्रा का सफल संचालन दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, विधिक सलाहकार डॉ. नागेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। टूर प्रभारी भावना सिंह राजपूत एवं टूर कोऑर्डिनेटर कुलदीप भंडारी के निर्देशन में यह संपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण बहुत ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोहम्मद शरीफ खान, त्रिभुवन देवांगन, सूरज सिवारे, प्राचार्य डॉ नीतू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## इंदरजीत सिंह छोटू की पहल

# ठंड से बचाव के लिए घर-घर जाकर बांटे कंबल, किया सहयोग



**भिलाई।** हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने अपने बेटे यशदीप सिंह के विशेष दिन पर आशा दीप कॉलोनी केम्प 2, शारदापारा में पहुंचकर प्रत्येक घर में कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलोनी के सभी परिवारों से भेंट कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उनका हाल-चाल जाना। हर समय सहायता के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मलकीत सिंह, निर्मल सिंह, जोगा राव, सोम सिंह, अनिल चौधरी, शाहनवाज कुरैशी, नवीन साहू, मंटू, अखिलेश तिवारी, सचिन, डॉ. हरजिंदर सिंह, वाजिद अंसारी, सुनील यादव, रमन, इंदरजीत सिंह चिंटू, गुरप्रीत सिंह सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

- हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी और सर्वसमाज कल्याण समिति के सहयोग से किया गया आयोजन

## सीएसवीटीयू में आईक्यूएसी के अंतर्गत आयोजित की कार्यशाला

# फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्राध्यापकों ने जाना नई शिक्षा पद्धति के बारे में, मूल्यांकन, गुणवत्तायुक्त शिक्षा की ली जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में आईक्यूएसी के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा तीन दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन एक्जामिनेशन रिफॉर्म का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. अरुण अरोरा के मार्गदर्शन में तथा रजिस्ट्रार डॉ. अंकित अरोरा एवं निदेशक यूटीडी डॉ. पंकज मिश्रा के सहयोग से कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जेपी पात्रा और सह-समन्वयक डॉ. पवन पटनायक के नेतृत्व में किया गया। परीक्षा प्रणाली में सुधार लाना, आउटकॉम बेस्ड एजुकेशन के अनुसार असेसमेंट टूल को समझाने, टैक्समोनी आधारित प्रश्न-पत्र निर्माण का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षकों को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम मूल्यांकन पद्धतियों के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ. अरुण अरोरा ने आयोजन के उद्देश्य एवं उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में परीक्षा सुधारों को अधिक प्रभावी और व्यवहारिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा भावी शिक्षा-प्रक्रिया में इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई देगा। परीक्षा सुधारों पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे और तीसरे दिन भी प्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञों द्वारा प्रभावशाली शैक्षणिक सत्र प्रस्तुत किए गए।



### आउटकम बेस्ड एजुकेशन और मैपिंग पर भी विशेषज्ञों द्वारा किया गया मंथन

एफडीआर में शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. हिमा एमएस (प्रोफेसर, आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, बेंगलुरु) ने आउटकम बेस्ड एजुकेशन और मैपिंग पर विस्तृत सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने ओबीई की मूल अवधारणा, मापनीय कोर्स आउटकम तैयार करने की प्रक्रिया, तथा उन्हें कार्यक्रम के परिणामों से प्रभावी रूप से जोड़ने की विधियों की व्याख्या की, जिससे संपूर्ण शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित होता है। शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. आर महेश प्रभु (निदेशक, क्वालिटी एश्योरेंस, अरोरा यूनिवर्सिटी, हैदराबाद) ने को आधारित प्रश्नपत्र निर्माण पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रश्नपत्रों की संरचना अधिगम परिणामों के अनुरूप रूपांतरित की जा सकती है, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और शैक्षणिक रूप से सुदृढ़ बनती है।

### कराया गया मूल्यांकन की व्यावहारिक गतिविधियों का अभ्यास

हैंड्स-ऑन कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने मैपिंग, गणना मॉडल और परिणाम प्राप्ति के मूल्यांकन की व्यावहारिक गतिविधियों का अभ्यास किया। यह सत्र अत्यंत सहभागितापूर्ण रहा, जिससे शिक्षकों को सैद्धांतिक अवधारणाओं को वास्तविक शैक्षणिक कार्यों में लागू करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में एक क्विज़ भी आयोजित की गई, जिसने प्रतिभागियों को तीन दिवसीय एफडीपी से अर्जित ज्ञान का परीक्षण और उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतिभागियों तथा वक्ताओं द्वारा अपने विचार एवं फीडबैक साझा किए गए।समापन में वेलिडिक्ट्री सेशन आयोजित हुआ। जहां प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया साझा की।

# रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 33.50 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश पुलिस ने किया है। पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि वेदांता नगर दुर्ग निवासी रीति देशलहरा ने 18 नवंबर 2023 को शिकायत पुलिस से की थी। बताया गया था कि नवरात्रि पर्व 2022 में परिचित बिशेश्वर मारकंडे उनके घर आया था।

बिशेश्वर ने रीति देशलहरा के पति को बताया कि वह रसमड़ा रेलवे माल गोदाम में लीडर है। स्थायी नौकरी दिलवा सकता है। बिशेश्वर ने दावा किया कि वह तीन माह के भीतर उसकी नियुक्ति हो जाएगी। इसके लिए प्रति व्यक्ति 2.50 लाख रुपए देना होगा। झांसे में आकर 32 युवकों ने रेलवे में नौकरी के लिए 24 दिसंबर 2022 से 24 अप्रैल 2023 के बीच रुपए 33.50 रकम वसूला गया था। लेकिन आरोपी से कई बार नौकरी की जानकारी लेने पहुंचते थे। आरोपी युवकों ने युवाओं को नौकरी दिलाने का आश्वासन लगातार देते थे।

महीनों बीत जाने के बाद भी युवाओं की नौकरी नहीं लग पाई। परेशान लोगों ने रकम वापस करने आरोपियों पर दबाव बनाया। परेशान होकर पुलिस के पास युवा पुहुचे। पुलिस जांच में पता चला कि बिशेश्वर पहले माल गोदाम में हमाली का काम करता था। तब से हेमंत साहू से पहचान हुई। जो खुद को रेलवे माल गोदाम श्रमिक संगठन का सचिव बताता था। प्रमोद मारकंडे भी इस ठगी के गिरोह का हिस्सा था। इस ठगी मामले में पुलिस ने आरोपी ग्राम चारभाठा ठेकुआ रानीतराई निवासी बिशेश्वर मारकंडे, प्रमोद मारकंडे, मकान नंबर 214 सरोना चौक आमानाका रायपुर हेमंत कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## 32 युवाओं से ली रकम, हर किसी से 2.50 लाख लिया गया



### ठगी की रकम को स्वयं के उपयोग में लाया

एएसपी अभिषेक झा के मुताबिक आरोपियों के पूछताछ में बताया कि हेमंत साहू बेरोजगार युवकों को नौकरी का लालच देता था। बिशेश्वर उम्मीदवार लाता था और रकम हेमंत को सौंप दी जाती थी। रेल माल गोदाम में पदस्थ कर्मचारी होना दिखाकर इन्हें जुगाड करने का भरोसा दिलाया गया था। नौकरी के लिए युवाओं द्वारा पूछताछ करते थे। तो आरोपियों द्वारा बहाने बनाकर उन्हें गुमराह किया जाता। इस दौरान युवाओं को रकम तक नहीं लौटाया जाता था। मिले रकम से आरोपियों ने गाड़ियां खरीदी, घर बनाने और निजी खर्चों में उपयोग करना स्वीकार किया।

## खबर संक्षेप



### ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के लिए पुलिस कर्मियों का चयन

**भिलाई।** नागपुर में आयोजित 6 दिवसीय 69 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025 के लिए दुर्ग पुलिस रेंज से अधिकारियों एवं कर्मियों का चयन किया गया है। इसमें 6 विषयों साइंटिफिक एड्स टू इंवेस्टीगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, पुलिस वीडियोग्राफी, एण्टीसबोटाज चेक, कम्प्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वाड पर प्रतियोगिता होगा। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों दुर्ग जिला उप निरीक्षक अमित अंदानी, सहायक उप निरीक्षक किरेन्द्र सिंह, निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि कांताराम थिलेन्द्र, जिला बालोद, आरक्षक शेख अबुबकर, जिला दुर्ग आरक्षक मनीष ठाकुर, जिला बालोद, आरक्षक विजेन्द्र सिंह, दुर्ग आरक्षक हीरालाल , आरक्षक सुरेश नारंगे, जिला बेमेतरा आरक्षक काशीराम बरेठ, दुर्ग, आरक्षक विनोव राजपूत, जिला बेमेतरा, आरक्षक राजकुमार कश्यप,आरक्षक नरेन्द्र लहरे दुर्ग पुलिस रेंज से चयनित कर पुलिस मुख्यालय, रायपुर भेजा गया है।

### बीएसपी का विशेष स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं एवं जन स्वास्थ्य विभाग (पीएचडी) द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान ऑपरेशन नसीब चलाया जा रहा है।विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ किया जा रहा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है। महाप्रबंधक केके यादव ने सिक्स ट्री एवेन्यू, सेक्टर-8 से पावर हाउस स्टेशन होते हुए सेक्टर-10 तक का निरीक्षण के दौरान सिक्स ट्री एवेन्यू के पटरी पार क्षेत्रों में देर रात व्यापारी एवं रहवासी द्वारा फेंके जा रहे कूड़े, बिल्डिंग मलबे एवं पैकेजिंग वेस्ट को हटाने सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। अभियान में सड़कों के किनारों से बड़े पैमाने पर कचरे के ढेर हटाए जा रहे हैं, झाड़ियों की कटाई की जा रही है। सेक्टर-10 सहित अन्य सेक्टरों में झाड़ियों की कटिंग,डंप हटाने का कार्य निरंतर जारी है। इस दौरान एजीएम रमेश कुमार गुप्ता, मिलिंद कुमार आदि उपस्थित थे।

## हिरणों और भालुओं को भी ठंड से बचाने के लिए किए गए जतन

# टाइगर को ठंड, जलाया अलाव, मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों को ठिठुरन से बचाने किए इंतजाम

### बड्र्स काम्पलेक्स के कैजों में लगी चटाई, वन्य प्राणियों की उचित देखरेख की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंड बढ़ने के साथ ही मैत्रीबाग जू में जानवरों और पक्षियों के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सर्दी से बचाने के लिए वन्य प्राणियों की देखभाल बढा दी गई है और खानपान का भी खास ध्यान रखा जा रहा है।

शहर में पिछले पखवाड़ेभर से ठंड ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दिन में ठंडी पड़ने के साथ शाम होते ही पारा गिरने लगा है। दिसंबर के पहले हफ्ते में कड़ाके की ठंड के साथ शीत लहर चलने के आसार हैं। इसे देखते हुए प्रबंधन द्वारा मैत्रीबाग चिडियाघर में वन्य प्राणियों को ठंडी से बचाने लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। हिरणों के बाड़े में अलाव जलाए जा रहे है। जू में करीबन सवा सौ हिरण हैं। भालुओं और वाइट टाइगर के एनक्लोजर में कैज के सामने में सिगड़ी से गर्माहट रखी जा रही है। अन्य संवेदनशील जानवरों को भी सर्दी न लगे,इसके लिए इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर मेंजानवरों के अलावा परिंदों के लिए जतन किए गए हैं। बड्र्स काम्पलेक्स में पक्षियो के कैज के सामने चटाई लगाई गई है। इससे उन्हें सर्द हवाओं से बचाने में मदद मिलेगी। जू में पिकांक, लव बड्र्स, एडजूटेंड स्टार्क, पैरेट आदि सौ से अधिक पक्षी हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि पक्षी संवेदनशील होते हैं अधिक ठंड पड़ने पर उन्हें सर्दी लगने का खतरा होता है। लिहाजा गर्माहट के लिए पूरे बड्र्स काम्पलेक्स में परिंदों के जालीदार कैजों के बाहर चटाई लगाई गई है।



### खानपान का भी रखा जा रहा खास ध्यान

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में आने वाले दिनों में ठंडी बढ़ने की संभावना को देखते हुए सर्दी का असर वन्य प्राणियों पर न पड़े, इसके लिए देखभाल के साथ खानपान पर नजर रखी जा रही है। ठंड में जानवरों की खुराक बढ़ जाती है। लेकिन ठंडी तासीर की खाद्य सामग्रियों से एहतियात बरतने की जरुरत होती है। ठंडी में भालुओं को खीरा, फल और हरी सब्जियां खूब भाती हैं। जानवरो को गर्मी की तरह इस मौसम में डीहाइड्रेशन की शिकायत नहीं होती लेकिन डाइट को संतुलित रखा जाता है।



### क्रोकोडायल उठा रहे सनबाथ का लुत्फ

ठंडी बढ़ने के साथ ही क्रोकोडायल अपने मोढ़ (पोखर) के किनारे सनबाथ का लुत्फ उठा रहे हैं। पोखर में तैरने के बाद किनारे पसरे दोनों मगर सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां दो क्रोकोडायल हैं। मछलियां खाने के बाद ठंडी की धूप उनकी दूसरी खुराक मानी जाती है। गुनगुनी धूप सेंकने के लिए क्रोकोडायल दो से तीन घंटे पानी के बाहर रहते हैं। इसके बाद फिर वे अपने पोखर में तैरते या मुंह को बाहर निकाल डूबे रहते हैं। क्रोकोडायलों व पेरिकान जैसे जलचरों को ठंडी का खतरा नहीं होता है।

# फायरिंग करने वाले फरार दो शूटर को पुलिस ने पकड़ा

### बाइक, पिस्टल और कारतूस जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फायरिंग मामले में पुलिस ने पिस्टल, कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 14 नवम्बर की शाम घासीदास नगर जामुल में कैम्प 2 निवासी विकास प्रजापति पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास का घटना हुआ था।

घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। इसमें अब तक पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चूकी है। आरोपी करण साव ने झारखंड से भाड़े में शुटरों में झींगनगर हटिया, थाना बिहार शरीफ राजेश और जगन्नाथपुर, न्यू कॉलोनी रांची झारखंड बबलू उर्फ बडका को पुलिस ने पकड़ा है। ये दोनों शुटरों को विकास की हत्या करने के लिए बुलाया गया था। आरोपी राजेश करण का ममेरा भाई है जो रेल्वे व अन्य प्रतियोगी परीक्षा देने भिलाई आया था। शिवम की हत्या का बदला लेने के लिए राजेश की मदद लिया उसने बबलू उर्फ बडका को हत्या का जिम्मा दिया।

करण ने पिस्टल, गोलियों की व्यवस्था के लिए शुटरों को 55 हजार रुपए दिया था। घटना के बाद आरोपियों को सीजी 07 एपी 1013 में रायपुर की ओर भाग निकले। बाइक को भिलाई तीन बाजार के किनारे खडी कर आटो से आरोपी रायपुर बस स्टैण्ड पहुंचे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पिस्टल, कारतूस(7.65), बाइक जब्त किया गया है।

# भिलाई तीन में एक साथ तीन जगह का ताला टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन अलग-अलग जगह ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि श्यामनगर श्याम वाटिका भिलाई तीन निवासी ममता नायक के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। परिजनों सभी अपने अपने काम में निकल थे। वापस घर पहुंचने पर पता चला कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान से नगदी रकम समेत 1.60 लाख रुपए का सामान पार हो गया है। वहीं दूसरी चोरी फैक्ट्री अकलोरडीह में हुई है। जिसकी शिकायत सुपरवाइजर हाउसिंगबोर्ड कालोनी जामुल निवासी राहुल केसरवानी ने किया है। जहां हर्ष इंड्रस्ट्रीज कम्पनी अकलोरडीह में है। जहां गोडाउन से कापर बिजली वायर गायब हो गया है। कंपनी में लगे सीसी कैमरों को चेक करने पर गोडाउन से अज्ञात चोर बिजली वायर लगभग 737 मीटर वायर 50 हजार का पार कर दिया। तीसरी घटना चरोदा स्थित स्कूल में हुई है। जहां हुडको सेक्टर निवासी जेपी श्याम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय चरोदा मे प्राचार्य है। उन्होमने शिकायत किया कि स्कुल के चैनल गेट का ताला तोड़कर अज्ञात स्कुल के भीतर प्रवेश कर आफिस रूम तक पहुंचा। चार आलमारी को खोलकर सारा सामान पार कर दिया। स्कूल के सीसीटीव्ही कंट्रोल बाक्स मे रखे 6 सामान गायब हो गए। जिसकी कीमत 49 हजार रुपए आंकी गई है।

# बीएसपी में दुर्घटना : मृत श्रमिक निषाद के परिजन को बीएसपी में मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिटंरिंग प्लांट तीन में कार्यरत हर्षवर्धन निषाद की कार्यस्थल पर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मृत मजदूर के आश्रित को आज बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति लेटर दे दिया गया। इसके अलावा बीमा राशि भी दी गई।

- ठेका श्रमिक यूनियन इंटक सहित परिजनों ने की थी मांग

मंगलवार को ठेका मजदूर हर्षवर्धन डंपर से कुचलकर मौत हो गई थी । इसके बाद मुआवजा की मांग को लेकर यूनियनों व क्षेत्रवासियों ने परिजनों के साथ इस्पात भवन के सामने प्रदर्शन किया था। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर मृतक के परिवार को आर्थिक सुरक्षा और सहायता प्रदान करने की मांग की। बीएसपी प्रबंधन ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्णय लिया। इसके अलावा ठेका कंपनी द्वारा दुर्घटना बीमा के तहत 10 लाख रुपये की राशि और अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि परिवार को प्रदान की गई। यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से ठेका श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए,सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने,सभी ठेका श्रमिकों के लिए 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा अनिवार्य किया जाए तथा ईएसआईसी एवं पीएफ संबंधी सुविधाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं।



### परिजनों को सौंपा अनुकंपा लेटर

अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक श्री ठाकुर, महाप्रबंधक विकास चंद्र, वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन, सहायक प्रबंधक शशांक राव, उप प्रबंधक हरीश बैतूले उपस्थित थे।स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की ओर से संजय साहू, सीपी दीनानाथ सिंह, सार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू, संतोष ठाकुर, एवं हिट्सू यूनियन से योगेश सोनी शामिल हुए।इसके अलावा छावनी क्षेत्र से वीना चंद्राकर, तुलसी पटेल तथा मृतक के परिजन भी उपस्थित थे।

### मधु आयरन फैक्ट्री में श्रमिक की मौत



**भिलाई।** काम कर रहे श्रमिक के ऊपर तीन चार क्विंटल लोहे का राड गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच कर रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि शिव कुमार चौहान नामक श्रमिक जामुल में मधु आयरन में काम करता था। शिव मॉल शिफ्टिंग का काम करता था। अचानक शिफ्टिंग के दौरान लोहे का राड शिव के ऊपर गिर गया। गंभीर रुप से घायल को कंपनी के अन्य श्रमिकों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट होने से उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शिव विवाहित है उसके दो बच्चें भी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने कंपनी से 50 लाख रुपए की मांग की है।

# कार्मिकों को मिले अच्छे आवास थर्ड पार्टी के कब्जे कराएं खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री,इस्पात मंत्री और बीएसपी प्रबंधन से मांग की है कि बीएसपी कार्मिकों और अधिकारियों को बेहतर मकान उपलब्ध कराने के लिए थर्ड पार्टी आबंटित मकानों तथा कब्जेधारियों से जल्द मकान खाली कराया जाए। कई आवास कब्जे में रहने से कार्मिकों को आवास नहीं मिल पा रहे हैं और बीएसपी को भी नुकसान हो रहा है।

ओए अध्यक्ष और सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने प्रबंधन को बताया कि अच्छे व बड़े मकान की उपलब्धता निरंतर काम होते जा रही है। अधिकारियों व कर्मियों को अच्छे मकान उपलब्ध कराने थर्ड पार्टी के कब्जे हटाए जाएं। सेक्टर-05, 09, 10 और 32 बंगला में अत्याधिक संख्या में बड़े मकानों में शासकीय अधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों का कब्जा है तथा बीएसपी के अधिकारीगण छोटे मकानों में रहने के लिए बाध्य हैं। थर्ड पार्टी को आबंटित कई मकान वर्षों से पात्रता समाप्त होने के बाद भी इन थर्ड पार्टी आबंटितों के कब्जे में है। कई अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्ति के वर्षों बाद भी बीएसपी के मकानों पर अब तक कब्जा जमाए बैठे हुए हैं। इन कब्जों के चलते आज कार्यरत कार्मिक बेहतर मकान के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि थर्ड पार्टी आबंटन के बड़े मकानों के आबंटन का पुनरावलोकन किया जाना चाहिए।

### लाइसेंस योजना शुरु हो

ओए ने मांग की कि बीएसपी कार्मिकों को कार्मिकों के लिए आवश्यक मकानों को सुरक्षित रखते हुए शेष मकानों को लाइसेंस योजना के तहत बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों को प्राथमिकता के तौर पर आबंटित किया जाए। सेवानिवृत्तों के दीर्घ योगदान को देखते हुए रिक्त मकानों पर अवैध कब्जा को रोकने लायसेंस योजना शुरु किया जाए।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## मंत्री गजेंद्र यादव और महापौर अलका बाघमार ने किया उद्घाटन

# रविशंकर स्टेडियम में बना बैडमिंटन कोर्ट, प्रतिभाओं को मिलेगा प्रैक्टिस का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग के खिलाड़ियों के लिए आज का दिन खास रहा। मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर दुर्गवासियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की नई सौगात मिली। रविशंकर स्टेडियम परिसर के पास तैयार इस नवनिर्मित कोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में मौजूद खिलाड़ीगण ने शामिल हुए बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाये और बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार का आभार जताया।

- डेढ़ करोड़ की लागत से बना है बैडमिंटन कोर्ट

शिक्षा ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग रविशंकर स्टेडियम परिसर में शहर के प्रथम इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भव्य लोकार्पण। यह अत्याधुनिक इंडोर सुविधा न सिर्फ खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करेगी, बल्कि खिलाड़ियों को ऊर्जा देने की दिशा में मजबूत कदम है। इस कोर्ट के साथ ही शहर में स्वीमिंग पुल और बघेरा में स्टेडियम का निर्माण जारी है जिससे खिलाड़ियों का प्रैक्टिस करने उपयुक्त स्थल मिल सके और उनके खेल प्रतिभा को तराशा जा सके।

उन्होंने आगे कहा की 1.50 करोड़ की लागत से लगभग 13,500 स्क्वायर फीट पर निर्मित इस भवन को अत्याधुनिक बनाया गया है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, श्याम शर्मा, शशि द्वारिका साहू, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मनीष साहू, लीलाधर पाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।





### अंतराष्ट्रीय मानकों को ध्यान रखकर तैयार किया गया कोर्ट

शहर के प्रथम इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में वुडन फ्लोरिंग, उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी लाइटिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों की सुविधाओं से सुसज्जित है। अब हमारे दुर्ग के खिलाड़ियों को रात्रिकालीन में भी अभ्यास सहित बेहतर प्रशिक्षण वातावरण का लाभ उठा सकेंगे। इससे दुर्ग में खेल संस्कृति को नई दिशा देने और युवा प्रतिभाओं को खेल के अभ्यास हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में यह परिसर एक मील का पत्थर साबित होगा।

